

जसप्रित बुमराह शानदार गेंदबाज

जब जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी को लेकर पूछा गया तो उनहोंने जवाब दिया, उसके पास एंडरसन और ब्रॉड के पास पहुंचने की क्षमता है। वह बहुत कुशल गेंदबाज हैं। उसके पास एक मजेदार रन–अप है जिसे लोग बदलना चाहते हैं। लेकिन यह वही है जो उसके लिए सबसे अच्छा है। यदि वह फिट रहता है, तो वह सभी प्रारूपों में बड़े पैमाने पर अपनी पहचान बना सकता है। सफलता प्राप्त करने के लिए वह कितना भूखा है, बस इसके बारे में है।

## कौन खिलाड़ी तोड़ सकता है जेम्स एंडरसन का रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट के मैदान पर खिलाड़ियों की निगाहें बेहतर प्रदर्शन कर अपने नाम ऐसे रेकॉर्ड बनाने में होती हैं कि कोई खिलाड़ी जल्दी उनको पा न सके। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के नाम ऐसे ही रेकॉर्ड हैं कि जल्दी कोई खिलाड़ी उनको पा नहीं सकता। कुछ दिनों पहले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 600 टेस्ट विकेट लेकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अब कोई गेंदबाज जल्दी इस आंकड़े को नहीं छू सकता लेकिन वेस्टइंडीज के बेहद खतरनाक पूर्व महान खिलाड़ी कर्टनी वॉल्श ने बताया कि कौन सा वो खिलाड़ी हो सकता है जो इस रेकॉर्ड को पा सकता है। दुनिया के सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से जेम्स एंडरसन की यह एक शानदार उपलब्धि है। किसी भी तेज गेंदबाज के लिए यह उतना ही शानदार प्रयास होता है जितना आपको 500 या 600 विकेट लेने की जरूरत होती है। यह सिर्फ उस कठिन परिश्रम और समर्पण को दिखाता है जो एंडरसन ने वर्षों में रखा था। उनका 700 विकेट के लिए लक्ष्य जबरदस्त है। उन्होंने कहा कि अब जितना क्रिकेट खेला जाएगा वह रिकॉर्ड टूट जाएगा। आपको 500–600 विकेट प्राप्त करने वाले बहुत अधिक गेंदबाज मिलेंगे।

# सीएसके के साथ खत्म हो चुका है रैना का सफर?

क्रिकेट

## रैना ने जैव सुरक्षा के प्रोटोकॉल को भी तोड़ा, रैना पर हो सकता है ऐक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुरेश रैना के बारे में कहा गया कि वह शनिजी कारणोंश से इंडियन प्रीमियर लीग से हटे लेकिन लगता है कि चेन्नै सुपरकिंग्स के साथ उनका लंबा सफर खत्म हो गया है क्योंकि यह फ्रैंचाइजी 2021 सत्र से पहले उनसे नाता तोड़ सकती है। चेन्नै की टीम दुबई में रह रही है। उसकी टीम में कोविड–19 के 13 मामले पाए गए, जिसमें टीम के दो अहम सदस्य दीपक चाहर और रुतुराज गायकवाड़ भी शामिल हैं।

आईपीएल सूत्रों के अनुसार हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रैना के फैसले में इसने भी अहम भूमिका निभाई। लेकिन अब पता चला कि टीम प्रबंधन पृथकवास के दौरान इस 32 वर्षीय खिलाड़ी के व्यवहार से खुश नहीं था, जिससे सीएसके के मालिक और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष



एन. श्रीनिवासन भी नाराज थे। आईपीएल सूत्रों ने कहा, श्सीएसके के नियमों के अनुसार कोच, कप्तान और मैनेजर को होटल में रहने के लिए सूइट्स मिलते हैं लेकिन टीम जिस भी होटल में ठहरती है उसमें रैना को भी सुइट मिलता है। बात सिर्फ इतनी थी कि उनके कमरे में बालकनी नहीं थी। उन्होंने कहा, यह मसला था लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह वापसी (भारत लौटने) के लिए बड़ा कारण था। टीम में कोविड मामलों के बढ़ने से भी बड़ा कोई मसला हो सकता है। उन्होंने कहा कि स्थिति को देखते हुए रैना अप्रैल 2021 से शुरू होने वाले अगले आईपीएल से भी चेन्नै की टीम से बाहर हो सकते हैं। क्या रैना के इस सत्र में वापसी की संभावना है, जिससे हालात बदल सकते हैं।

इस पर सूत्रों ने कहा, श्वह इस सत्र में उपलब्ध नहीं रहेंगे और सीएसके ने जो आधिकारिक बयान जारी किया है उसमें यह स्पष्ट है। कुछ ऐसी बातें हैं, जो शीर्ष अधिकारियों को नागवार गुजरी हैं। उन्होंने कहा, इसकी बहुत कम संभावना है कि जो खिलाड़ी संन्यास ले चुका हो और संभवतः किसी तरह की क्रिकेट में नहीं खेलेगा वह सीएसके में वापसी करेगा। वह वापस नीलामी में शामिल होगा और कोई टीम उसे ले सकती है। सीएसके ने रुतुराज पर बड़ी बोली लगाई थी उसे उम्मीद है कि पृथकवास से लौटने के बाद वह फिट होंगे और दो परीक्षण निगेटिव आने के बाद अभ्यास सत्र में भाग ले पाएंगे। आईपीएल सूत्रों ने कहा, सीएसके ने अभी रैना के बदले किसी अन्य खिलाड़ी की मांग नहीं की है। उन्होंने अभी इस पर फैसला नहीं किया है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि रैना ने जैव सुरक्षित वातावरण का उल्लंघन किया था।

# कोशिश है कि टूर्नामेंट अपने तय समय पर ही शुरू हो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एमएस धोनी की कप्तानी वाली चेन्नै सुपरकिंग्स की टीम के 13 सदस्यों के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद बीसीसीआई की भी चिंताएं बढ़ गई हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने इस मसले पर पहली बार अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सीएस के जो 13 सदस्य कोविड– 19 वायरस की चपेट में आए हैं उमें टीम इंडिया के तेज गेंदबाज दीपक चाहर और युवा क्रिकेटर ऋतुराज गायकवाड़ भी शामिल हैं।

बोर्ड अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह फिलहाल सीएसके की मौजूदा स्थिति पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं। हालांकि बीसीसीआई

### चेन्नै सुपरकिंग्स की टीम में कोरोना वायरस के मामले, गांगुली ने दी यह प्रतिक्रिया

की हालात पर पूरी नजर है और उसकी कोशिश है कि टूर्नामेंट अपने तय समय पर ही शुरू हो। दादा ने कहा, मैं सीएसके की स्थिति पर टिप्पणी नहीं कर सकता हूं। हम यह देखेंगे कि क्या वह तय शेड्यूल पर खेल शुरू कर सकते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि आईपीएल का आयोजन अच्छे से हो। टूर्नामेंट के लिए हमारे पास लंबा शेड्यूल है और मैं उम्मीद करता हूं कि सबकुछ बेहतर ढंग से होगा।

19 सितंबर से शुरू होने जा रही इस लीग का पहला मैच चेन्नै सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच ही खेला जाने वाला था।



लेकिन अब बीसीसीआई और आईपीएल मैनेजमेंट को यह देखना होगा कि क्या चेन्नै सुपरकिंग्स की टीम इन हालात में अपना पहला मैच टूर्नामेंट के पहले मैच के रूप में ही खेलने को तैयार है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक इस लीग का फुल शेड्यूल जारी नहीं किया है।

## गौतम गंभीर मेरी कप्तानी में खेले, यह मेरे लिए यादगार अहसास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबुधाबी। कोलकाता नाइटराइडर्स के बल्लेबाज नितीश राणा ने कहा कि अपने प्रेरणादाई व्याख्यान के लिए मशहूर माइक होर्न की बातें सुनने के बाद उन्होंने असफलता को आत्मसात करना सीखा और तेज गेंदबाजों का सामना करने का डर दूर करने में सफल रहे। होर्न ने 2011 में वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम और 2014 की वर्ल्ड कप विजेता जर्मन फुटबॉल टीम के साथ काम किया था। पिछले कुछ वर्षों से वह इंडियन प्रीमियर लीग फ्रैंचाइजी नाइटराइडर्स से भी जुड़े रहे। राना ने केकेआर की वेबसाइट से कहा, मैं केकेआर की टीम से जुड़ने से पहले ही इंस्टाग्राम पर माइक होर्न से जुड़ चुका था। घरेलू स्तर पर दिल्ली की तरफ से खेलने वाले राणा 2018 में केकेआर से जुड़े थे। उसी वर्ष उनके आइडिअल गौतम गंभीर केकेआर को अपार सफलताएं दिलाने के बाद वापस दिल्ली कैपिटल्स की टीम से जुड़ गए थे। राणा ने कहा, मैं जब उन्हें (होर्न) को देखता हूं तो हैरान होता हूं कि वे इतनी अधिक चीजों से कैसे तालमेल बिठाते हैं।

## न्यूज डायरी



### मुंबई इंडियंस और चेन्नै सुपरकिंग्स के बीच मुश्किल में दिख रहा है पहला मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल के 13वें सीजन की शुरुआत 19 सितंबर से होनी है लेकिन अभी तक आईपीएल ने इस लीग का शेड्यूल जारी नहीं किया है। हालांकि लीग के ओपनिंग मैच को लेकर उम्मीद यही थी कि पहला मैच गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नै सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। लेकिन अब ऐसा होता भी मुश्किल दिख रहा है। चेन्नै सुपरकिंग्स की टीम में कोरोना वायरस का संकट खड़ा हो गया है। इस फ्रैंचाइजी के 12 सदस्य कोविड– 19 पॉजिटिव पाए गए हैं। वैसे आईपीएल में हमेशा से ही टूर्नामेंट का पहला मैच बीते साल की विजेता और उपविजेता के बीच ही खेला जाता रहा है। इस सीजन का आयोजन जब मार्च में होना था, तब भी ऐसा ही शेड्यूल जारी किया गया था। लेकिन अब चेन्नै कि मुश्किलें देखकर बीसीसीआई–आईपीएल इस लीग के लिए एक नया शेड्यूल बनाने में जुटी हैं। सूत्रों के मुताबिक आईपीएल चेन्नै की टीम को कुछ अतिरिक्त समय देने पर विचार कर रहा है।

### मैनचेस्टर में बोला बाबर आजम का बल्ला, विराट कोहली को छोड़ा पीछे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम का बल्ला जब बोलता है तो फिर रुकता नहीं है। बाबर आजम के आंकड़ें बताते हैं कि वो कितने शानदार बल्लेबाज होते जा रहे हैं। मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी–20 में बाबर आजम ने शानदार अर्धशतक ठोका। बाबर आजम ने 44 गेंदों में 7 चौकों की मदद से शानदार 56 रन बनाए। बाबर आजम ने एक मामले में उन्होंने विराट कोहली को पछाड़ दिया। बाबर आजम ने मैनचेस्टर टी20 में 56 रनों की पारी खेलते ही सबसे ज्यादा टी20 औसत के मामले में विराट कोहली को पछाड़ दिया। जिन बल्लेबाजों ने कम से कम 500 टी–20 रन बनाए हैं, उनमें बाबर आजम सबसे ज्यादा टी20 औसत रखने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बाबर आजम का बल्लेबाजी औसत 50.90 हो गया है और विराट कोहली की बैटिंग एवरेज 50.80 है।

### इस सीजन नई जर्सी में खेलेगी मुंबई इंडियंस, वीडियो जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस इस बार नई जर्सी में मैदान पर उतरेगी। फ्रैंचाइजी ने इस नई जर्सी का एक वीडियो अपने थीम सॉन्ग श्दुनिया हिला देंगेश के साथ जारी किया है। फ्रैंचाइजी ने अपने चिर–परिचित नीले और गोल्डन रंग के कॉम्बिनेशन को एक नए अंदाज में तैयार किया है। टीशर्ट पर टीम के दो मुख्य प्रायोजक भी वहीं हैं। जर्सी के फ्रंट पर इस बार भी सैमसंग दिखाई देगा, जबकि खिलाड़ियों की पीठ पर कलर्स चैनल का नाम और लोगो होगा। मुंबई की नई जर्सी आगे की ओर हल्के नीले रंग की है और कंधों पर एक तरफ गोल्डन पट्टियां हैं। वहीं, जर्सी की बाजुएं और ट्राउजर गहरे नीले रंग के हैं। फ्रैंचाइजी ने फैन्स के लिए भी इस जर्सी की रिपिल्का बाजार में उतारी है।

### बाबर आजम को शोएब अख्तर ने बताया, भटकी हुई गाय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में बड़ा स्कोर बनाने के बाद भी हार मिली। इस बात से पाकिस्तान दिग्गज नाराज हैं। पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के टी20 कप्तान बाबर आजम को जमकर कोसा है। उनका कहना है कि वह अपनी कप्तानी नहीं करते बल्कि दूसरे लोगों की सलाह पर चलते हैं। शोएब अख्तर ने पाकिस्तान कप्तान बाबर की एक भटकी हुई गाय से तुलना कर दी। अख्तर ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मुझे तो बाबर किसी खोई हुई गाय जैसे लगते हैं। वो मैदान पर जाते हैं लेकिन उनको पता ही नहीं कि करना क्या है। उनको खुद कप्तानी करनी चाहिए, हारे तो खुद हारें, जीते को खुद जीतें। खुद ही फैसला करें वो सुधार ला पाएं, ताकि आगे आने वाले वक्त में उनको बेहतर कप्तान बनने का मौका मिल सके।